हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 30 दिसंबर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. अगले वर्ष गणतंत्र दिवस परेड मे 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 2400 से अधिक एन सी सी कैडेट भाग लेंगे ।

2. कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा - विकसित भारत जी राम जी योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रधान मंत्री की गति शक्ति पहल से जोड़ा गया ।

3. ग्रामीण रोजगार नीति मे विकसित भारत जी राम जी योजना विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने मे एक नया अध्याय साबित होगी - श्रमिकों ने नई योजना को उनके लिए बेहतर बताया ।

4. हरियाणा गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉक्टर सुमिता मिश्रा ने कहा - हरियाणा तीन आपराधिक कानूनों को लागू करने मे देश मे अग्रणी रहा ।

5. मौसम विभाग ने कल भी कई स्थानों पर घना कोहरा छाने का अनुमान लगाया ।

---

अगले वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के दो हजार चार सौ से अधिक राष्ट्रीय कैडेट कोर - एनसीसी कैडेट भाग लेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि प्रतिभागियों की संख्या अब तक की सबसे अधिक है। युवा विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष 25 मित्र देशों के कैडेट और अधिकारी भी समारोह में भाग लेंगे। उधर एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2026 आज नई दिल्ली में शुरू हो गया। सर्व धर्म पूजा से शुरू होने वाले एक महीने के इस शिविर में अंतर-निदेशालय प्रतियोगिताओं और सर्वश्रेष्ठ कैडेट प्रतियोगिता, लघु शस्त्र फायरिंग और कर्तव्य पथ पर परेड के दौरान मार्चिंग दल जैसे कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस अवसर पर एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने कैडेटों का स्वागत करते हुए गणतंत्र दिवस शिविर के लिए चयन पर उन्हें बधाई दी। श्री वत्स ने कैडेटों से राष्ट्र सर्वोपरि की सच्ची भावना में धर्म, भाषा और जाति की बाधाओं को पार करने का भी आग्रह किया।

---

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि संसद ने वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए और मनरेगा योजना की कमियों को दूर करने के लिए विकसित भारत – जी राम जी विधेयक पारित किया है। आज भोपाल में एक संवाददाता सम्मेलन में विपक्ष के योजना का नाम बदलने के आरोपों पर उन्होंने कहा कि अतीत में भी जब विपक्षी दल सत्ता में थे रोजगार संबंधी योजनाओं के नाम कई बार बदले गए थे। श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रधानमंत्री की गति शक्ति पहल से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इस मिशन में बेरोजगारी भत्ता के लिए स्पष्ट प्रावधान शामिल है और अधिनियम के तहत आवश्यक वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

आगामी वित्तीय वर्ष में जो प्रस्तावित बजट प्रावधान है वो भी एक लाख 51 हजार दो सौ 82 करोड़ रुपए किया गया, पिछले साल 88 हजार करोड़ था केवल। जब सौ से सवा सौ दिन मजदूरी करनी है, तो उसके लिए वित्तीय प्रावधान आवश्यक है, जो किए जा रहे हैं। केन्द्र का अपना हिस्सा बढ़ के अकेले 95 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा होगा। विपक्ष की आलोचना करते हुए श्री चौहान ने कहा कि लोकसभा में इस विधेयक पर आठ घंटे से अधिक समय तक विस्तृत बहस हुई लेकिन विपक्षी सांसदों ने केवल हंगामा किया। कृषि और किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य विधानसभा में विकसित भारत – जी राम जी अधिनियम के विरुद्ध लाया जा रहा प्रस्ताव देश के संघीय ढांचे के विरुद्ध है।

पंजाब विधानसभा में जो बाकी दल कर रहे हैं, ये अलोकतांत्रिक है, अमर्यादित है, संविधान की मूल भावना के खिलाफ है, ये अंधविरोध है। आप चर्चा में जवाब न सुनो और प्रतिपक्ष इतना जिम्मेदार हो जाए, विशेषकर कांग्रेस कि इतने महत्पूर्ण बिल पर नेता प्रतिपक्षी ही लोकसभा से गायब रहें, संसद से गायब रहें।

---

ग्रामीण रोजगार नीति में विकसित भारत जी राम जी योजना विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में एक नया अध्याय साबित होगा। मनरेगा के स्थान पर बना यह नया कानून विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि आने वाले वर्षों में गांवों में रोजगार और आजीविका के अवसरों को नए ढंग से मजबूत किया जा सके। पंचकूला के रायपुररानी में आकाशवाणी समाचार ने अतिरिक्त खंड कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप कुमार के साथ बातचीत की तो उन्होंने बताया-

श्री प्रदीप कुमार ने कहा की नई योजना से सब को लाभ हुआ है।

आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में योजना की लाभार्थी अमरो देवी ने बताया

एक किसान मनमोहन दास ने कहा कि सरकार ने जी राम जी के मजदूरों को रबी व खरीफ की फसल की बुवाई व कटाई के समय काम न देकर किसानों के लिए एक अच्छा फैसला किया है। इससे किसानों को इस समय में होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी और मजदूरों को भी लाभ होगा।

---

हरियाणा अभियोजन विभाग द्वारा "प्रदेश में नए आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन" विषय पर आज पंचकूला में कार्यशाला का आयोजन किया गया। हरियाणा गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यशाला में हरियाणा अभियोजन विभाग महानिदेशक सामान्य धर्मेंद्र चौधरी सहित कई अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

पत्रकारों से बातचीत में डॉ सुमिता मिश्रा ने कहा कि तीन आपराधिक कानूनों को लागू करने वाला हरियाणा प्रदेश देश में अग्रणी रहा है। यह देश में सबसे बड़ी व्यवस्था परिवर्तन में सबसे बड़ी उपलब्धता है।

6-सुमित मिश्रा -34 सेकंड

उन्होंने कहा की अब प्रदेश में जो एफआईआर दर्ज होती है, उनमें 90 प्रतिशत में आरोप पत्र दाखिल हो रहा है। इसमें से 70 प्रतिशत आरोप पत्र 60 दिन के अंदर और 85 प्रतिशत आरोप पत्र 90 दिन के अंदर दाखिल हो रहे हैं। । उन्होंने कहा की आधुनिक तकनीक आधारित वैज्ञानिक जांच में भी हरियाणा ने अभूतपूर्व प्रगति हुई है।

---

हरियाणा में आज कई जगहों पर घने से बहुत घना कोहरा देखा गया। राज्य में सबसे ज़्यादा अधिकतम तापमान हिसार में 20.5° सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान भिवानी में 5.5° सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने रात और कल भी घना कोहरा छाने का अनुमान लगाया है। विभाग ने कहा है कि कल और पहली जनवरी को कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है और उसके बाद राज्य में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अगले 2 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी और उसके बाद अगले 3 दिनों में राज्य में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी।

---

हरियाणा के अधिकतर क्षेत्रों में लगातार पड़ रहे कोहरा किसानों के लिए लाभकारी बताया जा रहा है। रात्रि एवं प्रातः कालीन कोहरे के कारण तापमान में संतुलन बना हुआ है, जिससे रबी की फसलों को खासा लाभ मिल रहा है। गेहूं, सरसों, चना और जौ जैसी फसलों के लिए यह मौसम अनुकूल माना जा रहा है। आज जींद जिले में हरियाणा कृषि प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक डॉक्टर करमचंद ने बताया कि कोहरा गेंहू व अन्य कई फसलों के लिए बहुत ही लाभकारी है ।

---